Roll No.

INDIAN SCHOOL SALALAH

SECOND TERM EXAMINATION, FEB - MARCH 2026

HINDI SECOND LANGUAGE (Code- 085)

**Class: VIII** **Date: 05.03.2026**

**Time: 3 Hrs.** **कुल पृष्ठ - 04** **कुल प्रश्न - 12** **Maximum Marks:80**

---

**खण्ड - क**

01. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए:- 5X1=5**

समय चक्र की गति बड़ी अद्भुत है। इसकी गति में अबाधता है। समय का चक्र निरंतर गतिशील रहता है, रुकना इसका धर्म नहीं। इस संसार की कोई भी वस्तु रुक सकती है किंतु समय नहीं। यदि मनुष्य की संपत्ति एक बार नष्ट हो जाए तो परिश्रम, प्रयत्न एवं संघर्ष से वह उसे पुनः प्राप्त कर ले, किंतु बीता हुआ समय पुनः वापस नहीं आ सकता। आप चाहें तो समय को व्यर्थ की बातों में नष्ट कर सकते हैं और चाहें तो उसका सदुपयोग कर सकते हैं। समय के सदुपयोग में ही जीवन की सफलता का रहस्य निहित है। कुछ लोग हमेशा कहते हैं, "हमें समय नहीं मिला।" यह झूठ है। वे अपनी कमज़ोरी को समय पर मढ़ते हैं। जो सुनियोजित ढ़ंग से कार्य करता है वह कभी समय की कमी की शिकायत नहीं करता। क्या हम किसी देश के प्रधानमंत्री, महान आविष्कार में लगे हुए वैज्ञानिक से भी व्यस्त हैं? नहीं। वास्तव में हम अपने समय के सदुपयोग के लिए कोई योजना तैयार नहीं करते, यही कारण है हम समय की कमी की शिकायत करते रहते हैं। हर दिन सोने से पहले निश्चय कर लें कि अगले दिन क्या-क्या करना है और उस के लिए कौन-सा समय उपयुक्त होगा। फिर देखिए आपको समय की कमी की शिकायत बिलकुल नहीं रहेगी।

i. **समय की क्या विशेषता है?**

क. वह रुक-रुककर चलता है ख. वह गतिशील है

ग. वह आकर्षक है घ. वह सबको अपने साथ ले चलता है

ii. **समय और धन में क्या अंतर है?**

क. समय वापस मिल सकता है, धन नहीं ख. धन वापस मिल सकता है, समय नहीं

ग. समय का मूल्य धन से कम है घ. धन का महत्व सब जानते हैं परंतु समय का नहीं

iii. **जीवन की सफलता किसपर निर्भर है?**

क. धन कमाने में ख. मेहनत करने में

ग. समय के सदुपयोग में घ. जिंदगी को जीने में

iv. **कौन समय की कमी की शिकायत करता है?**

क. जो समय का दुरुपयोग करता है ख. जो समय का सदुपयोग करता है

ग. जो समय का महत्त्व समझता है घ. जो अपना समय पढ़ाई में बिताता है

v. **समय के सदुपयोग के लिए क्या आवश्यक है?**

क. अपना पूरा समय पुस्तकालय में बिताना ख. पूर्व-योजना

ग. दोस्तों के साथ बाहर न घूमना एवं गप्पें मारना घ. जीवन को उसी की गति से जाने देना

**02. i. निम्नलिखित का विलोम शब्द लिखिए-** **2**x½=**1**

क. विजय ख. कटु

**ii. रेखांकित शब्दों का वचन बदलकर वाक्य को पुनः लिखिए-** 2**x1=2**

क. पुस्तकालय में बहुत-सी <u>किताब</u> है।

ख. हमारे गाँव में अनेक <u>नदी</u> है।

**iii. निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** **2x1=2**

क. स्वच्छंद ख. जिंदगी

**iv. निम्नलिखित शब्दों का लिंग बदलिए-** **4x½=2**

क. अध्यक्ष ख. वीर ग. हाथी घ. बंदर

**v. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए-** **4x½=2**

क. यथानियम ख. सत्याग्रह ग. तिरंगा घ. प्रधानमंत्री

**vi. निर्देशानुसार वाक्य बदलिए-** **2**X1=**2**

क. भोजन शुरू होने पर लोगों में भगदड़ मच गई। (**मिश्रित वाक्य**)

ख. बादल के छाने पर वर्षा होने लगी। (**संयुक्त वाक्य**)

**vii. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए ।** **2x1=**2

क. मोहन ने खाना खाई। ख. बच्चे ने दूध पी।

**viii. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **2x1=**2

क. चिकना घड़ा होना ख. कहर टूटना

**03. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80** से **100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **5**

श्रम का महत्व ख. मित्रता

**04.** छात्रवृत्ति की प्रार्थना करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

मोबाइल फोन का उपयोग कम करने का सुझाव देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

**05. 'रिमझिम छातों'** की बिक्री के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

'**चित्रा'** पेंसिल बनाने वाली कंपनी के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

**06. चित्र देखकर उसका वर्णन 80 से 100 शब्दों में कीजिए- 5**



## खण्ड - ख

**07. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:- 5X1=5**

प्रचंड परबैंगनी किरणें अगर सीधी धरती पर आ जाएँ तो जीव जंतु तड़पकर मर जाएँगे और पेड़ पौधे सूख जाएँगे। इससे धरती पर जीवन नष्ट हो जाएगा। जानती हो, वैज्ञानिक कई सालों से चेतावनी दे रहे हैं कि ओज़ोन को परत में छेद हो रहा है। यह परत कमजोर पड़ रही है। इसके कारण तेज़ पराबैंगनी किरणें पृथ्वी पर पड़ेगी। उनसे लोगों को चमड़ी का कैंसर हो सकता है, शरीर मल सकता है। इसलिए वे कह रहे हैं कि इस परत को बचाओ सुरक्षा कवच को मजबूत करो। इस परत को कमजोर करने वाले रसायनों को रोको। रसायन पढ़कर तुम जरूर चौंक जाओगी। सोचोगी, आखिर ये कौन से रसायन हैं? यह भी बता रहा है इन रसायनों को कहते हैं- 'क्लोरोफ्लोरोकार्बन'।

**i.** प्रचंड परबैंगनी किरणों से क्या नुकसान होगा?
क. पेड़-पौधे बढ़ेंगे
ख. जीव जंतु तड़पकर मर जाएँगे और पेड़ पौधे सूख जाएँगे
ग. धरती पर अधिक वर्षा होगी
घ. आकाश नीला हो जाएगा

**ii.** वैज्ञानिकों के अनुसार ओज़ोन परत में क्या हो रहा है?
क. यह मजबूत हो रही है
ख. यह बिलकुल सामान्य है
ग. यह परत छेद हो रही है
घ. यह घनी हो रही है

**iii.** ओज़ोन परत कमजोर होने से क्या हो सकता है?
क. चमड़ी का कैंसर हो सकता है
ख. शरीर का वजन बढ़ सकता है
ग. लोग अधिक खुश होंगे
घ. धरती पर अधिक ऑक्सीजन होगा

**iv.** ओज़ोन परत को कमजोर करने वाले रसायनों को क्या कहा जाता है?
क. कार्बन डाइऑक्साइड
ख. क्लोरोफ्लोरोकार्बन
ग. मीथेन
घ. ऑक्सीजन

**v.** वैज्ञानिकों ने क्या चेतावनी दी है?
क. अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करो
ख. जंगलों को काट दो
ग. ओज़ोन परत को बचाओ और सुरक्षा कवच को मजबूत करो
घ. अधिक जल प्रयोग करो

**08. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:- 5X1=5**

तिनका-तिनका जोड़कर, बन जाता है नीड़।
अगर मिले नेतृत्व तो, ताकत बनती भीड़ ॥
ताकत बनती भीड़, नए इतिहास रचाती।
जग को दिया प्रकाश, मिले जब दीपक बाती ॥
ठकुरेला' कविराय, ध्येय सुंदर हो जिनका ।
रचते श्रेष्ठ विधान, मिले सोना या तिनका ॥

**i.** "तिनका-तिनका जोड़कर, बन जाता है नीड़" पंक्ति का आशय क्या है?

क. तिनके बहुत कमजोर होते हैं । ख. छोटी-छोटी चीज़ें मिलकर बड़ा काम कर सकती हैं ।
ग. नीड़ केवल पक्षी बनाते हैं । घ. तिनकों का कोई महत्व नहीं ।

**ii.** कविता के अनुसार भीड़ को ताकतवर क्या बनाता है?

क. संख्या ख. धन
ग. नेतृत्व घ. शोर

**iii.** "नए इतिहास रचाती" पंक्ति किसके लिए प्रयुक्त हुई है?

क. अकेले व्यक्ति के लिए ख. कमजोर समूह के लिए
ग. संगठित और नेतृत्व युक्त भीड़ के लिए घ. कवि के लिए

**iv.** "जग को दिया प्रकाश, मिले जब दीपक बाती" पंक्ति का भाव क्या है?

क. दीपक सजाने की विधि ख. सहयोग से ही सफलता मिलती है
ग. अंधकार का वर्णन घ. दीपक का महत्व

**v.** कवि के अनुसार सुंदर ध्येय वाले व्यक्ति क्या रचते हैं?

क. केवल कविता ख. धन
ग. श्रेष्ठ विधान घ. इतिहास

**09.** '**मेरा नया बचपन' कविता का सारांश लगभग** 40 **से** 50 **शब्दों में लिखिए।** **5**

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के** 20-25 **शब्दों में उत्तर लिखिए:-** **4x2=8**

क. आपके राज्य का प्रसिद्ध व्यंजन क्या है? उसे बनाने की विधि लिखिए।
ख. थाईलैंड में आमतौर पर क्या देखा जा सकता है?
ग. भारतीय व्यंजनों की लोकप्रियता कैसे प्रकट होती है?
घ. कवयित्री को अपना बचपन क्यों याद आ रहा है?

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के** 30-40 **शब्दों में उत्तर लिखिए:-** **4x3=12**

क. गिरमिटिया का क्या अर्थ है? ये लोग कौन थे?
ख. फिजी में भारतीयों के लिए शिक्षा की क्या व्यवस्था है?
ग. हँसने को सेहत के लिए लाभकारी क्यों माना गया है? क्या आप इससे सहमत है?
घ. भारतीय मिठाइयाँ सात समुंदर पार लोगों के दिलों में कैसे मिठास घोलती है?

**12. सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **1+2+2=5**

क. आपकी माँ की मन पसंद चीज़ क्या है? आप उन्हें वह कैसे दिलवाएँगे?
ख. अन्ना की बेचैनी क्यों बढ़ रही थी?
ग. ब्लैकी ने माल्यूइश का पता कैसे बताया?